# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - हापुड़ देहात** **दिनांक 05.11.2025**

- **थाना हापुड़ देहात पुलिस ने ग्राम असौड़ा निवासी अरमान की हत्या की घटना में संलिप्त एक हत्यारोपी को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से आलाकत्ल चाकू बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पैसे के लेनदेन को लेकर अरमान की चाकू मारकर की थी हत्या।**

**कार्यवाहीः-**



हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 375/25 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त को गौशाला चौराहा के पास ग्राम असौड़ा से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अमन पुत्र तौहीद निवासी ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड।

**बरामदगी का विवरणः-**

आलाकत्ल चाकू।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री पटनीश कुमार थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री सौरभ सिंह थाना हापुड देहात जनपद हापुड।
4. उ0नि0 श्री प्रेमकिशोर थाना हापुड देहात जनपद हापुड।